दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांकः 21.02.2026

प्रकाशनार्थ

गोरखपुर, 21.02.2026। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर द्वारा NIRF 2026 का ऑनलाइन सबमिशन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया।

यह महत्वपूर्ण कार्य प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक प्रो परीक्षित सिंह तथा नोडल ऑफिसर, ।भ्म डॉ. पवन कुमार पाण्डेय सहित समस्त संबंधित शिक्षक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने NIRF सबमिशन कार्य की सफलता पर पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कीं तथा सभी विभागों और कार्यालय के कर्मचारियों के समर्पण एवं सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की सामूहिक प्रतिबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता उन्नयन के प्रति सतत प्रयासों का परिणाम है। इस महत्वपूर्ण कार्य में सभी संबंधित विभागों, संकाय सदस्यों एवं कार्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके फलस्वरूप निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सफलतापूर्वक सबमिशन सुनिश्चित हो सका। संस्थान परिवार ने आशा व्यक्त की कि NIRF 2026 में महाविद्यालय का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहेगा और यह संस्थान की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, मीडिया एवं जनसम्पर्क